CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में सत्र 2021-24 के छात्रों के लिए आयोजित किया गया इन्डक्शन कार्यक्रम

‘सफलता के लिए ज़रूरी है स्किल और विल |’

दो दिवसीय इन्डक्शन कार्यक्रम के दौरान प्रेरणादायक सत्र से उत्साहित हुए छात्र |

‘दुनिया में कोई भी काम करना हो तो आपके पास दो जो विकल्प हैं – या तो दृढ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढे, या फिर कमज़ोर बहानों की आड़ में असफल हो जाएँ | दुनिया में जो भी लोग सफल हुए हैं, वे अपनी दृढ इच्छाशक्ति के बल पर विपरीत परिस्थितियों का सामना कर के सफल हुए हैं |’ कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए ये बातें कहीं | मौका था कॉलेज के द्वारा आयोजित दो दिवसीय ‘इन्डक्शन 2021’ कार्यक्रम का – जिसे कल और आज आयोजित किया गया | इसमें सत्र 2021-24 के बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी.- आई.टी. तथा पी.जी.डी.एम. के सभी छात्र शामिल हुये | कार्यक्रम का आयोजन कैटलिस्ट कॉलेज के ऑडीटोरियम हॉल मे किया गया था | इन्डक्शन कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उत्साहित करते हुए कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि ‘हमारे जीवन में कॉलेज के दौरान बिताये गए समय का काफी महत्वपूर्ण स्थान होता है और कॉलेज के दिनों ने छात्रों को स्वच्छंद होने के बजाये और ज्यादा अनुशाषित होने की जरुरत होती है | क्योंकि छात्रों की ज़िन्दगी में आने वाले अगले तीन साल, भविष्य के लिए बुनियाद का कार्य करेंगे | उन्होंने कहा कि छात्रों को लक्ष्य के प्रति ‘डेडिकेटेड’ (समर्पित) होने की ज़रूरत है | उन्होंने कैटलिस्ट कॉलेज के मूल मंत्र 'नॉलेज, स्किल और सक्सेस' का जिक्र करते हुए कहा कि 'कैटलिस्ट कॉलेज का लक्ष्य छात्रों को बेहतर एजुकेशन देने के साथ साथ, उसमे दक्षता भी विकसित करना है, वहीं उन्हें 'सफल' बनाना भी है |

इसके पूर्व कार्यकम की शुरुआत करते हुए कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार में नए छात्रों का कॉलेज में स्वागत किया एवं उन्हें कॉलेज की परंपरा एवं उपलब्धियों से परिचित कराया एवं मंच सञ्चालन किया | उन्होने कहा कि ‘शिक्षा ही वह साधन है जो हमें लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करता है | छात्र सही मायने मे तभी सफल होंगे, जब वे एक बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बने | उन्होंने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज में छात्रों को ह्युमन वैल्यू एवं भारतीय मूल्यों से जोड़े रखा जाता है | उन्होंने छात्रों को उनकी ज़िम्मेवारियों के प्रति सचेत किया एवं उनके कर्तव्यो का बोध दिलाया | इस अवसर कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, कॉलेज के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी भी मौजूद थे |

धन्यवाद सहित |